वर्ष 1 - अंक 5
सोमवार 18 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## इंदौर पुलिस का देर रात्रि में गुंडे, बदमाशों एवं असमाजिक तत्वों पर

# कड़ा प्रहार लगातार जारी...

पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त में गुंडे बदमाशों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों सहित लगभग कुल 1298 बदमाशो को चेक करते हुए, उनमे से 583 पर की उचित वैधानिक कार्यवाही।



शराब पीकर वाहन चलाने वाले 115 लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही के साथ ही, सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 12 प्रकरण पंजीबद्ध कर की वैधानिक कार्यवाही।


## पुलिस थाना राजेंद्र नगर की कार्यवाही में एक शातिर वाहन चोर को लिया गिरफ्त में और चोरी की मोटरसाइकिल भी की बरामद। बदमाशों से डोजियर भरवाकर, उन्हें अपराध ना करने की दी हिदायत।

इंदौर- दिनांक 17 नवंबर 2024- शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में इंदौर शहर के चारों जोन व यातायात के डीसीपी के नेतृत्व में, दिनांक 16-17 नवंबर की दरमियानी रात से सुबह तक नगरीय इंदौर के संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग कुल 1298 बदमाशो को चेक करते हुए, उनमे से 583 पर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई हैं.... अ जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 330 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार-- 72-स्थाई, 116-गिरफ्तारी और 142-जमानती वारंट के साथ ही 131 समंस भी किए तामील ।

### इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए

अवैध रूप से सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 12 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक





इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

कार्यवाही। आदतन बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए- 170 BNSS में-19 व 129 BNSS में-12, 126B/135(3) BNSS में-92 व 141-1ख BNSS में-02 इस प्रकार कुल 125 बदमाशो/असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही/समंस तामील।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 115 लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही इस दौरान क्षेत्र के अपराधिक प्रवृत्ति के 216-गुंडे/बदमाशों, 67-नकबजनों, 68-लुटेरों, 134-चाकूबाजों, 34-ड्रग पैडलर्स एवं 156 निगरानीशुदा बदमाशों के साथ ही 40 जिलाबदर व रासुका के बदमाशों सहित करीब कुल 715 से ज्यादा बदमाशों को किया गया चेक और की गई कार्यवाही।

### पुलिस थाना राजेंद्र नगर की कार्यवाही में एक शातिर वाहन चोर कृष्णा निहाले उम्र 28 साल निवासी अमर पैलेस कालोनी इंदौर को गिरफ्त में लिया है

उससे चोरी की मोटरसाइकिल भी की बरामद की है। वहीं थाना खजराना ने हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार वारंटी को भी गिरफ्त में लिया गया है। इस दौरान कई फरार अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में आये है, जिनके विरुद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान चेक किये/पकड़े गए बदमाशों को अपराध ना करने की हिदायत देते हुए उनसे डोजियर भी भरवाए गए हैं।

# लुभावने ऑफर और डर दिखाकर ही साइबर क्रिमिनल्स दे रहे है

## विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड को अंजाम...

हमेशा सतर्क और जागरूक रहकर ही किया जा सकता है इनके मंसूबों को नाकाम



### इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में Prestige managment Institute के स्टूडेंट्स ने विभिन्न साइबर फ्रॉड के तरीकों के साथ ही लिया, उनसे से बचने का भी ज्ञान

इंदौर- वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज दिनांक 16.11.24 को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने पुलिस टीम के साथ Prestige Institute of managment and Research, विजय नगर इंदौर में पहुंचकर, स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत Prestige Institute of managment and Research, में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 329 वीं कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 350 स्टूडेंट्स व स्टाफ को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली बताया।

उन्होंने सभी से कहा कि वर्तमान में लगभग अधिकतर कार्य और विशेषकर बैंकिंग कार्य ऑनलाइन हो गया है, इसी का दुरुपयोग कर साइबर क्रिमिनल्स बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड पर ही सबसे ज्यादा फोकस्ड कर, लोगों को लुभावने ऑफर और डर दिखाकर फेक कॉल्स व फर्जी लिंक और नए-नए विभिन्न तरीको से अपने जाल में फंसा विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड कर रहे है। सतर्कता और जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है।

### इसलिए और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें

फर्जी कॉल व लिंक से बचकर रहे, सोशल मीडिया पर भी ध्यान रखें तथा अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें । इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा संबंधी बारिकियों को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की सराहना करी। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकता है।




सर्वसमाज जनसेवक संगठन के लोकसभा अध्यक्ष कैलाश जी गावंडे की नियुक्ति के अवसर पर

# पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ नेत्र शिविर का आयोजन

सर्वसमाज जनसेवक संगठन की सचिन महेंद्र शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज संगठन के 29 लोकसभा अध्यक्ष की नियुक्ति के क्रम में इंदौर के लोकसभा अध्यक्ष श्री कैलाश जी गावंडे की नियुक्ति के पुनीत पावन अवसर पर पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ आज यहां पर डॉक्टर राजू मंगलावत अग्रवाल नेत्र चिकित्सालय,अक्षय कुमार सुश्री महिमा नमन जी जैन के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में सैकड़ो स्त्री पुरुषों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल जी यादव (यादव सर) राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी रघुवीर सिंह श्रीवास ने शिविर का उद्घाटन कर कैलाश जी गावंडे को लोकसभा अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सोपा अपनी नियुक्ति के अवसर पर कैलाश जी गावंडे ने कहा सर्वसमाज जनसेवा के संगठन के अंतिम व्यक्ति उत्थान के अंतर्गत वार्ड स्तर पर लेकर जाएंगे पीड़ित मानवता की सेवा के लिए आज यहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है शीघ्र ही हम यहां पर रोजगार मेला भी आयोजित करेंगे शीघ्र ही कोचिंग क्लास भी प्रारंभ की जावेगी इस अवसर पर महेंद्र शर्मा , सुभाष वर्मा, कैलाश श्रीवास संदलपुर, संतोष यादव एडवोकेट, राजकुमार यादव, सुनील पांडे, शिशुपाल सेन ,गणेश पटेल, ज्ञानेंद्र शुक्ला, चंद्रशेखर कोरी, हरीश ओझा, मुकेश रोकड़े, संजय परिहार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे अंत में सभी का आभार सचिव महेंद्र शर्मा ने माना।

# जिला कांग्रेस प्रवक्ता

## जुगनू जादवसिंह धनावत के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भिचोली में आत्मीय स्वागत



**महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भिचोली में आत्मीय स्वागत जीतू पटवारी ने कहा कांग्रेस पार्टी को आप जैसे निष्ठावान नौजवानों की आवश्यकता है।**

जो संघर्ष के समय हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से चोरल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी, जीतू ठाकुर,दौलतसिंह मीणा,घनश्याम यादव, डॉ अजय धनावत,अशोक टाटू, कमल चौधरी, पप्पू परमार, सुनील चौधरी, विपिन चौधरी,मोहन यादव अर्जुन मीणा, संजू परमार, दिनेश गावड़, राजेश गावड़, सरदार मीणा, रामचंद्र ठेकेदार,धर्मेंद्र सैनी, लोकेश धनावत, गौरव शर्मा,ओम पटेल, गोपाल चौधरी, अरुण गुर्जर, विष्णु गुर्जर, महेश, प्रेम सिंह, कमलेश, गोलू, रणछोड़, अंकित पटवारी इत्यादि सैकड़ोंजन उपस्थित रहे। सभी का आभार जुगनू जादवसिंह धनावत ने माना।

# विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें - उप मुख्यमंत्री

**प्रवेश सिंह**

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें। ट्रांसफार्मर जल व खराब होने की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए इन्हे बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा केबिल खराब होने पर उन्हे बदले जाने की कार्यवाही करें। श्री शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में अधिकारियों को फीडर सेपरेशन के कार्य को गति देने के निर्देश दिए तथा कहा कि मैनपावर बढ़ाएं तभी फीडर विभक्तिकरण का कार्य समय में पूर्ण हो सकेगा। उन्होंने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा जिले की विद्युत संबंधी शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।



इस दौरान अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार शुक्ला ने उप मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि तत्परतापूर्वक विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान फीडर सेपरेशन से जुड़े अधिकारी तथा विद्युत विभाग के अधिकारी व संलग्न एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले सप्ताहभर में चौथी मर्डर की घटना सामने आई

रायपुर । छुरा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। घटना की सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार छुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरछड़ी के अमलीपारा निवासी अर्जुन सिंह कमार उम्र 30 वर्ष का शव संदिग्ध अवस्था में उसके बड़े भाई हीरा सिंह के घर पर मिली है। अर्जुन का शव घर के आंगन में खून से लथपथ मिली है। लाश मिलने की सूचना के बाद छुरा पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताते हुए मामले में पुछताक्ष शुरू कर दी है। हत्या किसने किया हत्या



का कारण क्या है यह स्पार्ट नहीं हुआ जब छुरा पुलिस द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# सलमान खान ने बनाया फर्जी कब्जा प्रमाण पत्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर : छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर जिले स्थितथाना सिटी कोतवाली पुलिस ने फर्जी कब्जा प्रमाण पत्र तैयार कर उसे असली के तौर पर उपयोग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के



निर्देशन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई. आरोपियों में सलमान खान (31), जो पटवारी का सहायक है, और फ्लैट मालिक भरत मतलानी (42) शामिल हैं।

यह प्रकरण तब सामने आया जब प्रार्थी उमेंद्र प्रसाद बंजारे, निवासी विनोबा नगर, ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि साम्ब शिवम पाठक नामक व्यक्ति ने एक फ्लैट खरीदने के दौरान संबंधित कब्जा प्रमाण पत्र की जांच की. जांच में पता चला कि वह प्रमाण पत्र फर्जी है. यह फ्लैट पिंकी मतलानी, पत्नी भरत मतलानी, ने टिकरापारा स्थित कल्याण सुंदरम अपार्टमेंट में बेचा था. इस दौरान फर्जी कब्जा प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया गया।

सलमान खान ने पटवारी का सील और हस्ताक्षर कूट रचना कर 3500 रुपये में कब्जा प्रमाण पत्र तैयार किया. इसके बाद, इस प्रमाण पत्र का उपयोग कर भरत मतलानी ने अपनी पत्नी के नाम से उक्त फ्लैट की रजिस्ट्री कराई. बाद में इसे साम्ब शिवम पाठक को बेच दिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। जांच में सलमान खान और भरत मतलानी के खिलाफ साक्ष्य मिले. पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 338, 340 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया. आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस तरह के और कितने फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए हैं और अन्य लोग इसमें शामिल हैं या नहीं। यह घटना दर्शाती है कि दस्तावेजों की सत्यता जांचने में सतर्कता न बरतने से कैसे धोखाधड़ी के शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है. पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर दोषियों को पकड़ लिया है. मामले की जांच जारी है।

# पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना रामकृष्ण सेवा संस्थान-उप मुख्यमंत्री



## विकृतियों से समाज को बचाना आवश्यक -उप मुख्यमंत्री

## रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा का वार्षिक समारोह कार्यक्रम संपन्न

**प्रवेश सिंह**

भोपाल। उप मुख्यमंत्रीराजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना है रामकृष्ण सेवा संस्थान। ऐसे संस्थानों से जुड़कर मानवीय गुण जैसे करूणा, दया एवं परोपकार के भाव विकसित होते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ऐसे संस्थानों से जुड़े और भारत को विश्वगुरू बनाने में अपना योगदान दें।

रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा के वार्षिक समारोह कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव तथा यहाँ की संस्कृति व सनातन परंपरा को विश्वपटल पर प्रदर्शित किया था। स्वामी जी की भारत के विश्वगुरू बनने की भविष्यवाणी अब साकार होती दिख रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगतिशील राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म व जाति के नाम पर देश को तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहें। विकृतियों से समाज को बचाएं। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि समृद्धि तो आए मगर विकृति न आए। इसके लिए ऐसे संस्थान ध्यान, आध्यात्म व अपनी संस्कृति की ओर ले जाने में सहायक होते हैं। उन्होंने नशा से दूर रहने के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा के रामकृष्ण सेवा संस्थान को बड़ी उपलब्धि है हासिल हुई है। अब यह संस्थान वेल्लूर मठ से जुड़ गया है, जिसका लाभ संस्थान व इस क्षेत्र को मिलेगा। अब इसका विस्तार होगा तथा अधिक से अधिक लोग जुड़कर सेवाभाव से कार्य कर सकेंगे।

इस अवसर पर स्वामी गुणदानंद, स्वामी राघवेन्द्रानंद, स्वामी मंगलप्रदानंद तथा स्वामी पररूपानंद ने भी आशिर्वचन दिया। स्वामी आत्म श्रद्धानंद एवं स्वामी निर्विकल्पानंद जी महाराज ने रामकृष्ण संस्थान रीवा के सेवा कार्यों की प्रसंशा की। संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन प्रोफेसर एनपी पाठक ने दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े प्रबुद्धजन, समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान गरीबजनों को वस्त्र वितरण भी किया गया।

# सर्दियों में जंगल सफारी

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में प्रकृति और वन्यजीवों का अद्भुत संगम



गोपाल गावंडे
संपादकीय




घने वन के बीच घास के लंबे-लंबे मैदान और वन्य जीवों की गतिविधियों के बीच सर्दी के मौसम में जंगल सफारी का आनंद अलग है। अगर आप भी इस सर्दी के मौसम में प्रकृति के निकट कुछ समय व्यतीत करना चाहते हैं तो टाइगर स्टेट कहे जाने वाले मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ कान्हा पेंच और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व स्वागत को तैयार हैं।

उमरिया। ऊंचे-ऊंचे साल के वृक्षों के बीच से होकर धरती को चूमती सूर्य रश्मियां, पक्षियों के कलरव, कुलांचे मारते हिरणों के झुंड और उन्मुक्त विचरण करते बाघ। घने वन के बीच घास के लंबे-लंबे मैदान और वन्य जीवों की गतिविधियों के बीच सर्दी के मौसम में जंगल सफारी का आनंद अलग है। अगर आप भी इस सर्दी के मौसम में प्रकृति के निकट कुछ समय व्यतीत करना चाहते हैं तो टाइगर स्टेट कहे जाने वाले मध्य प्रदेश के बांधवगढ़, कान्हा, पेंच और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व स्वागत को तैयार हैं।

### पर्यटकों से संकोच नहीं करते बजरंग और छोटा भीम

टाइगर स्टेट में सर्वाधिक बाघों की संख्या वाला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व है। 165 बाघों वाले इस राष्ट्रीय उद्यान में बजरंग और छोटा भीम नाम के बाघ लोगों को सर्वाधिक आकर्षित करते हैं। यह दोनों पर्यटकों के समक्ष आने में संकोच नहीं करते।

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान पहुंचने वाले पर्यटक एक ही दिन में कम से कम दो टाइगर रिजर्व की सफारी कर सकते हैं। बांधवगढ़ में सुबह की सफारी करने के बाद पर्यटक कान्हा टाइगर रिजर्व, संजय धुबरी टाइगर रिजर्व अथवा मुकुंदपुर टाइगर सफारी का भ्रमण आसानी से कर सकते हैं। इन सभी स्थानों की दूरी चंद घंटों की है। टाइगर स्टेट के टाइगर रिजर्व की बुकिंग के आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर के दूसरे पखवाड़ा से जनवरी के पहले पखवाड़ा तक एक लाख से ज्याद पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है।

### अन्य प्रमुख स्थल

बांधवगढ़ से कान्हा की दूरी महज 210 किलोमीटर है और सड़क बेहद शानदार है। पर्यटक रास्ते में पड़ने वाले घुघुवा जीवाश्म पार्क का भ्रमण भी कर सकते हैं। बांधवगढ़ आने वाले पर्यटक मुकुंदपुर टाइगर सफारी इसलिए जाना चाहते हैं क्योंकि उन्हें वहां सफेद बाघ की सतवीं-आठवीं पीढ़ी के दर्शन सुगम होते हैं। यहां से 129 किमी की दूरी पर मुकुंदपुर टाइगर सफारी तथा 84 किमी की दूरी पर संजय धुबरी टाइगर रिजर्व है।

### इस तरह पहुंचे

कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और दुबरी टाइगर रिजर्व तक पहुंचने के लिए जबलपुर केंद्र बिंदु है। जबलपुर हवाई अड्डे से सभी प्रमुख शहरों की कनेक्टिवटी है। जबलपुर और कटनी रेलवे स्टेशन से भी पर्यटक बांधवगढ़ पहुंच सकते हैं इसके लिए उमरिया स्टेशन उतरना होता है। कान्हा नेशनल पार्क जबलपुर से 160 किमी तथा पेंच पार्क 170 किमी दूर है। वहीं संजय दुबरी टाइगर रिजर्व जबलपुर से 350 किमी की दूरी पर है।

### ठहरने की व्यवस्था

बांधवगढ़, पेंच, कान्हा और संजय दुबरी में रुकने के लिए अच्छे होटल और सर्वसुविधा संपन्न होम स्टे सुविधा है। यहां मध्य प्रदेश टूरिज्म कार्पोरेशन के गेस्ट हाउस भी पर्यटकों की अच्छी आवभगत करता है।

